www.dainikchingari.com

26 जनवरी 1950 को स्थापित

संस्थापक: बाबूसिंह चौहान

बिजनौर : रविवार, 1 फरवरी, 2026

अंक- 99 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


# चिंगारी

संत शिरोमणि

**रविदास जी**

की जयंती की

**हार्दिक शुभकामनाए**






# महान समाज सुधारक
# संत शिरोमणि गुरु रविदास

**ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न।**
**छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न।।**

आज मध्ययुगीन भारत के महान भक्ति प्रधान संत, संत शिरोमणि की उपाधि से सुसज्जित , महान कवि और समाज सुधारक संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ( रैदास) की जयंती है।

गुरु रविदास जी ने विषम परिस्थितियों में जीवन जीकर भी भक्ति की परम सीमा को प्राप्त किया और संत शिरोमणि की उपाधि प्राप्त की। उनका जन्म माघ मास की पूर्णिमा को संवत 1337 में काशी में हुआ था। उनके जन्म के सम्बन्ध में एक दोहा प्रसिद्ध है –

**चौदह सौ तैंतीस की माघ सुदी पन्दरास।**
**दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास ।।**



उन्होने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अज्ञानता को दूर करने के लिये धार्मिक अंधविश्वास और आडंबरों से दूर रहने का बड़ा संदेश दिया। छोटी जाति से होने के बावजूद धार्मिक असमानता के खिलाफ कड़ा संघर्ष करते हुए उन्होने उच्च जाति के वर्चस्व को चुनौती दी। समतामूलक समाज के विचारों को अपनाने के चलते उन्हें रूढ़िवादी वर्ग का तीव्र विरोध झेलना पड़ा। लेकिन इस सब के बीच उन्होने खुद को साबित किया।

आडंबरों के धुरविरोधी रविदास जी ने कहा है –

**माथे तिलक हाथ जपमाला , जग ठगने कूं स्वांग बनाया।**
**मारग छाड़ि कुमारग उहकै , सांची प्रीत बिनु राम न पाया ।।**

वे कहते थे कि अगर मन पवित्र है , तो गंगा में भी स्नान करने की आवश्यकता नहीं है। कठौती के जल में ही गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त हो सकता है।

मन चंगा , तो कठौती में गंगा इनकी प्रसिद्ध उक्ति है।

रविदास जी ने ऊंच – नीच की भावना और ईश्वर की भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवादों को आधारहीन और निरर्थक बताया। उनका मानना था कि राम , कृष्ण , करीम , राघव आदि सब एक ही परमेश्वर के विविध नाम हैं। वेद , पुराण, कुरान आदि धार्मिक ग्रंथों में एक ही परमेश्वर का गुणगान किया गया है। उन्होने कहा –

**कृस्न , करीमा , राम , हरि , राघव , जब लग एक न पेखा।**
**वेद कतेब कुरान , पुरानन , सहज एक नहीं देखा ।।**

उनका साफ कहना था कि ईश्वर की भक्ति के लिये सदाचार , परहित – भावना तथा सदव्यवहार का पालन करना अति आवश्यक है। अहंकार को त्यागकर दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करने , विनम्रता और शिष्टता के गुण ग्रहण करने पर उन्होने अधिक बल दिया। उन्होने कहा –

**कह रैदास तेरी भगति दूरि है , भाग बड़े सो पावै ।**
**तजि अभिमान मेटि आपा पर , पिपिलक हवै चुनि खावै।।**

उनकी वाणी के व्यापक प्रभाव से समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति उनके अनुयायी , श्रद्धालु बन गये थे। मीराबाई भी उनकी वाणी से प्रभावित होकर उनकी शिष्या बन गयी थी। कहा गया है –

**वर्णाश्रम अभिमान तजि , पद रज बंदहिजासु की।**
**संदेह - ग्रंथि खण्डन - निपन , बानि विमुल रैदास की।।**



रविदास जी के 40 पद (शबद) पवित्र श्रीगुरू ग्रन्थ साहिब में भी मिलते हैं। इससे उनकी महानता और व्यापक स्वीकार्यता का पता लगता है।

उन्होने निराकार ईश्वर की भक्ति , कर्म की प्रधानता , जाति – भेद के विरोध और सामाजिक समानता का महान संदेश दिया।

कर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा है –

**करम बंधन में बन्ध रहियो , फल की ना तज्जियो आस ।**
**कर्म मानुस का धर्म है , सत् भाखै रविदास ।।**

जातिवाद का घोर विरोध करते हुए उन्होने कहा है –

**जाति – जाति में जाति हैं , जो केतन के पात ।**
**रैदास मनुष ना जुड़ सके , जब तक जाति न जात।।**

समानता का प्रबल समर्थन करते हुए रविदास जी कहते हैं –

**मुसलमान सों दोस्ती , हिंदुअन सों कर प्रीत।**
**रैदास जोति सभ राम की , सभ हैं अपने मीत।।**

हिंदू , मुस्लिम दोनों की ही अज्ञानता पर वे समान रूप से प्रहार करते हैं –

**हिंदू पूजइ देहरा मुसलमान मसीति ।**
**रैदास पूजइ उस राम कूं , जिह निरंतर प्रीति।।**

गुरु रविदास जी गुणहीन व्यक्ति की जाति के आधार पर भक्ति किये जाने के खिलाफ थे –

रैदास ब्राह्मण मति पूजिए , जए होवै गुन हीन।
पूजिहिं चरन चंडाल के , जउ होवै गुन प्रवीन।।

– रूकन राजपूत

# संतों में संत शिरोमणि गुरु रविदास

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जन्म एक गरीब, अछूत परिवार में माघ पूर्णिमा के दिन वाराणसी के गोवर्धन नामक गांव में सन 1450 में माता कर्मा के गर्भ से हुआ था। उनके पिता जी का नाम रग्घू था। तथा पत्नी का नाम लूना था। नि:संदेह वे जूता बनाने का अपना पैतृक कार्य करते थे। हालांकि उन्होंने अपने को कभी अछूत नहीं कहा। सीधे ही गुरु जी अपने को चमार ही कहते थे।

**कहे रविदास चमारा।**
**'रविदास जन्म के कारण होत न कोई नीच।**
**नर कूं नीच करि डारी है ओछे करम की कीच।।'**
**'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी।'**



वे निराकार ईश्वर का ध्यान करते थे। मंदिर या अन्य पाखंडों से दूर रहते थे।

कहा जाता है कि बचपन में उन्हें किसी मंदिर में घुसने नहीं दिया तो उनके मन में आया कि ईश्वर तो सभी का है और ईश्वर ने ही सभी जीव जंतुओं और संसार बनाया है। वह हर जगह विद्यमान है तो मंदिर में ही क्या रखा। क्यों न अपने मन में ही प्रभु का मनन कर लिया जाये। मंदिर के बाहर भी उसका वास होता होगा। इसलिए वो अपना कार्य करते करते ईश्वर का ध्यान कर लेते थे। उनका मानना था कि किसी के साथ छल कपट कर,आडम्बर कर, और बिना मेहनत किए कुछ पा लेना अनुचित है। इसलिए काम को ही पूजा समझते थे। उसी से उनका परिवार चलता भी था।

**तभी से 'कर्म ही पूजा' को प्राथमिकता दी जाती रही है।**

संत गुरु जी मन ही मन पद बनाते और गा गा कर लोगों को सुनाते थे। मधुर वाणी थी लोग उनके पास आकर बैठते और पद सुनते अपना ज्ञान बढ़ाते थे। वो कहते थे जात पात ईश्वर ने नहीं बनाई। इसलिए जातियां जन्म से नहीं होती हैं। जातियां तो कर्मों के अनुसार है। जो जैसा काम करता है, उसको उसी नाम से पुकारा जाता है। कोई मकान निर्माण कार्य करता है वह मिस्त्री, मिट्टी के बर्तन बनाने वाला कुम्हार,लोहे का काम करने वाल लोहार सोने का कार्य करने वाला सुनार ,चमड़े का करने वाला चमार आदि होता है। काम कोई छोटा बड़ा नहीं होता। वह अपने उस कार्य में ही निपुण भी होता है।

राजाओं महाराजाओं के बारे में गरीबी और अमीरी की जब बातें होती तो वह कहते थे । राजा जनता का हितैषी नहीं होता वो अपने ताज के लिए ही मरता है,दूसरों को मारता है और अपना राज्य और नाम बढ़ाता है।

किसी व्यापारी के काम में कम लाभ तो किसी के कार्य में अधिक होता है। इसलिए जनता में अमीरी गरीबी होती है। धर्म का कार्य आडम्बर रचना और उसका प्रचार प्रसार कराना है। राजा धर्म का सहारा लेकर जनता को गुमराह करता है। कुछ मदद जैसे टैक्स आदि कम कर स्वयं मालिक बनता है। राजा ताज के लिए भाई बहन बाप किसी का भी दमन कर सकता है।

रैदास प्रेम नहिं छिप सकई,लाख छिपाए कोय, प्रेम न मुख खोलै कभऊं, नैन देत हैं रोय।

भक्ति काल के समय गुरु जी को निर्गुण ईश्वर से जुड़े रहे। गुरु जी एक क्रांतिकारी, जाति पाती से दूर कर समाज सुधारक समता मूलक समाज के जनक के रूप में पहचान बनाई है।

'ऐसा चाहूं राज मैं जहां सभी को मिले अन्न
छोटे बड़े सब संग रहे रैदास रहे प्रसन्न।'
'मन चंगा तो कठौती में गंगा।'

बेगमपुरा उनका एक सपना था जैसे कि नाम से भी जाना जा सकता है। किसी को किसी प्रकार का कोई कष्ट न हो। सभी अपना दुख भुलाकर बिना कोई गम ,पक्षपात ऊंच नीच के मिल जुलकर रह सके। सभी में भाई चारा रहे आपस में कोई मतभेद ना हो।

'बेगमपुरा सहर को नाउ, दुखु अंदोहु नहीं तिहि ठाउ।
न तसवीस खिराजु न मालु, खउफु न खता न तरसु जवालु।'



गुरु जी के सरल एवं मधुर स्वभाव के थे। दूर दूर तक उनकी चर्चा होने लगी थी। मुगल साम्राज्य में नारियों की भी बड़ी दुर्दशा थी। उससे पहले बाहरी आक्रांता आते थे । दौलत लूट कर ले जाते थे। औरतों को उठाकर ले जाते थे इसलिए नारी को घर से बाहर निकलने की पाबंदी थी।

कम उम्र में शादी कर देना एक प्रथा बन गई थी। इसी के साथ सती प्रथा का भी चलन था। यदि किसी पुरुष की मौत हो जाती थी । उस की पत्नी को सती कराया जाता था।

मीरा बाई के साथ यही स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मीरा बाई राजा रतन सिंग की पत्नी थी। राजा के शहीद होने पर महारानी मीरा को सती हो जाने के लिए बाध्य किया गया तो वह चित्तौड़ छोड़ वृंदावन में आ गई थीं। जहां वह कृष्ण की दीवानी हो गई। राजस्थान में क्षत्रिय ठाकुर ही मालिक कहलाते थे। मीरा बाई ने कृष्ण को ही अपना मालिक मान लिया था। इसी लिय मीरा बाई कृष्ण जी को ठाकुर ही कहती थी । गुरु की तलाश में वह रविदास जी के आश्रम में आ गई उनकी मधुर वाणियां सुनते सुनते उनकी मुरीद हो गई। उन्हें अपना गुरु मान लिया था। मीरा बाई ने कृष्ण के विषय में बहुत से पद भी लिखे। मीरा को बैरागी भी कहा गया।

इसी तरह मेवाड़ की राणा सागा की महारानी झाली रानी के विषय में कहा जाता है कि वह भी गुरु जी की शिष्य बन गई थी।

संत शिरोमणि जी की ज्ञान की बातें तथा प्रसिद्धि को देख इब्राहिम लोदी ने इस्लाम धर्म अपनाने के लिए अपने दरबार में इस्लाम धर्म अपनाने का हुक्म दिया था लेकिन उन्होंने अपने ज्ञान और मधुर वाणी से लोदी का मन जीत लिया और उनको बड़े आदर भाव से विदा करान पड़ा और एक विशाल रविदास मंदिर का निर्माण दिल्ली में कराया।

गुरु जी ने सदना नाम के कसाई का मन भी परिवर्तित करा कर अपना शिष्य बना लिया था। उसने तभी से जानवरों का बध करना बंद कर दिया था।

उनका स्वभाव बड़ा ही मधुर था तथा ज्ञानवर्धक भी। इसलिए उनके 40 पद गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल किए गए हैं।

▸▸ आर.एस. कोठारी,बिजनौर

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 1 फरवरी, 2026

## माघ पूर्णिमा पर संगम की रेती पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेला के चौथे स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के मौके पर गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी पर रविवार को संगम स्नान और दान-पुण्य के लिए लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। इस माघी पूर्णिमा पर ग्रहों और नक्षत्रों के दुर्लभ संयोग और चन्द्रमा पर पृथ्वी की छाया पड़ने से संगम स्नान और दान-पुण्य का महत्व कई गुना बढ़ गया है। माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही संगम की रेती पर लगने वाले माघ मेले में पिछले एक महीने से रह रहे श्रद्धालुओं का कल्पवास भी पूरा हो जाता है और कल्पवासी यहाँ कमाए गए पुण्य और आनंद की सुखद अनुभूति के साथ अपने-अपने घरों को रवाना होने लगते हैं। मोक्ष के देवता भगवान् विष्णु के सानिध्य में प्रयागराज के संगम में आस्था की एक डुबकी लगाकर पुण्य कमाने का जो सिलसिला देर रात शुरू हुआ, वह सुबह सूरज की तपिश के साथ लाखों श्रद्धालुओं के सैलाब में तब्दील होता गया। त्रिवेणी के तट पर हर तरफ़ श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आती है। कहीं तिल रखने की भी जगह नही हर कोई आस्था की एक डुबकी लगाने को उतावला है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक पूर्णिमा माघ मॉस का सबसे पवित्र और शुभ दिन माना जाता है। कहा जाता है कि पूर्णिमा पर संगम स्नान करने वाले को एक अश्वमेध यज्ञ के बराबर फल प्राप्त होता है।

# इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं

# कैंसर की 17 दवाइयां कस्टम ड्यूटी फ्री

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)**। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में 9वां केंद्रीय बजट पेश किया। इन्कम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बजट में विदेशी यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा के लिए TCS दर घटाई गई है। 17 एंटी-कैंसर दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को कस्टम्स ड्यूटी से छूट मिली है। वहीं, विदेशी नागरिकों को गैर-भारत आय पर टैक्स रिलीफ दिया गया है।

बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है और एमएसएमई, हाई-स्पीड रेल, बायोफार्मा, सेमीकंडक्टर, आयुष संस्थान और मेडिकल टूरिज्म हब्स जैसे कई बड़े क्षेत्रीय और रणनीतिक निवेश की घोषणाएं की गई हैं। किसानों के लिए बहुभाषी AI टूल और छोटे टैक्सपेयर्स के लिए ऑटोमेटेड प्रक्रिया लागू की जाएगी। तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश सीमा पर बर्ड वॉचिंग ट्रेल जैसे कई सामाजिक और क्षेत्रीय विकास के कदम भी पेश किए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कई कस्टम्स ड्यूटी राहतों की घोषणा की है। 17 एंटी-कैंसर दवाओं को बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से छूट दी जाएगी, जिससे दवाइयों की उपलब्धता सस्ती और आसान होगी। SEZ में निर्मित सामान के निर्यात पर किफायती ड्यूटी दी जाएगी, जो बिक्री की सीमा के अधीन होगी। व्यक्तिगत उपयोग के लिए दायित्व वाले सामान पर ड्यूटी 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत की जाएगी। सरकार ने SEZ की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को घरेलू बाजार में एक बार बिक्री की सुविधा देने की व्यवस्था की है। रक्षा क्षेत्र में विमान मरम्मत के लिए कच्चे माल पर बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से छूट दी जाएगी और नागरिक प्रशिक्षण विमानों के पार्ट्स को भी BCD से मुक्त रखा जाएगा। केंद्रीय उत्पाद शुल्क की गणना में बायोगैस मिश्रित CNG के मूल्य को शामिल नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, महत्वपूर्ण खनिजों के लिए पूंजीगत वस्तुओं पर बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से छूट दी जाएगी, ताकि उत्पादन और निर्यात में उद्योगों को प्रोत्साहन मिले। क्लाउड सेवाओं के लिए भारत डेटा सेंटर से 2047 तक टैक्स हॉलिडे की घोषणा की गई है।

## 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे
## 3 आयुर्वेदिक एम्स बनेंगे




## बायोफार्मा में भारत बनेगा ग्लोबल हब

भारत को वैश्विक बायोफार्मा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। अगले 5 वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से 'बायोफार्मा शक्ति' योजना। बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा।

### हर जिले में खुलेगा गर्ल हॉस्टल

हर जिले में एक गर्ल हॉस्टल बनाया जाएगा। विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति के गठन का प्रस्ताव।

### ग्रामीण विकास और खेल उद्योग

महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना का प्रस्ताव। एक जिला-एक उत्पाद को बढ़ावा, ग्रामीण युवाओं को फायदा।



## अब एआई करेगा किसानों की मदद




केंद्रीय बजट 2025-26 में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसानों के लिए 'भारत विस्तार' नामक एक बहुभाषी एआई टूल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य कृषि संसाधनों को एकीकृत कर जोखिम कम करना है। इसके साथ ही, नारियल, काजू और कोको के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाओं का भी प्रस्ताव किया गया है। निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए किसानों के कल्याण पर विशेष बल दिया।

## बजट झरोखा

### रेलवे को बड़ी सौगात
सात रेल स्पीड कॉरिडोर का एलान, दिल्ली-वाराणसी समेत इन शहरों को बड़ी सौगात

### रोजगार पर बड़े एलान
पांच साल में सरकार जोड़गी एक लाख AHP, 1.5 लाख केयर गिवर्स को मिलेगा प्रशिक्षण

### स्वास्थ्य क्षेत्र
'बायो-फार्मा शक्ति' मिशन, खुलेंगे 3 नए अखिल भारतीय संस्थान

### खेल जगत को क्या
वित्त मंत्री की अहम घोषणा- भारत में खेल क्षेत्र को बढ़ावा देगी सरकार, खेल-कूद के सामानों के लिए 'समर्थ पहल' का प्रस्ताव

### शिक्षा जगत
मेडिकल शिक्षा को मजबूत करने पर फोकस, खुलेंगे नए फार्मास्युटिकल और आयुर्वेद शिक्षा संस्थान

### उद्यमियों को सौगात
बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने और MSME क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं, ऑरेंज इकोनॉमी को बढ़ावा



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476




## संस्कृति और विरासत की पहचान को और मज़बूत करने में जुटी योगी सरकार



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की सरकार ने राजधानी में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर सात भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण की कवायद में जुट गई है। सरकार से जुड़े अधिकारियों की मानें तो इन द्वारों के माध्यम से लखनऊ में प्रवेश करते ही प्रदेश की संस्कृति, आस्था और सभ्यतागत विरासत का अनुभव होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार देर शाम को शहरी विकास एवं आवास विभाग की बैठक में इस परियोजना को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पहली झलक में ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने पारंपरिक भारतीय वास्तुकला और शिल्प के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। प्रस्तावित प्रवेश द्वारों को संगम द्वार, नंदी-गंगा द्वार, सूर्य द्वार, व्यास द्वार, धर्म द्वार, कृष्ण द्वार और शौर्य द्वार नाम दिए गए हैं। हर द्वार उस मार्ग से जुड़े किसी प्रमुख धार्मिक, पौराणिक या ऐतिहासिक स्थल का प्रतीक होगा। योजना के अनुसार प्रयागराज मार्ग (रायबरेली रोड) पर संगम द्वार का निर्माण किया जाएगा, जो त्रिवेणी संगम और कुंभ परंपरा से प्रेरित होगा। वाराणसी मार्ग (सुल्तानपुर रोड) पर नंदी-गंगा द्वार बनेगा, जो काशी विश्वनाथ की आध्यात्मिक आभा को दर्शाएगा। अयोध्या मार्ग (बाराबंकी रोड) पर बनने वाला सूर्य द्वार भगवान राम और सूर्यवंश की परंपरा का प्रतीक होगा।

## महाकुंभ 2025 से प्रयागराज एयरपोर्ट ने रचा इतिहास, 10.56 लाख यात्रियों का रिकॉर्ड

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** महाकुंभ 2025 ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ शहर के हवाई यातायात में भी अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2025 में पहली बार प्रयागराज एयरपोर्ट से जनवरी से दिसंबर के बीच 10,56,311 यात्रियों ने हवाई यात्रा की, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में जहां कुल 6,27,966 यात्रियों ने एयरपोर्ट का उपयोग किया था, वहीं महाकुंभ वर्ष में यह संख्या 10.50 लाख से अधिक पहुंच गई। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन ने इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विमानों की आवाजाही में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। वर्ष 2025 में कुल 8,915 उड़ानें संचालित हुईं, जबकि वर्ष 2022 में यह संख्या 7,822 थी।



# डीएम ने किया मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण

## हमीरपुर सुधा में दोनों बीएलओ अनुपस्थित पायी गयीं, तिमरपुर के स्कूल में ताला लगा मिला



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा शनिवार को बिजनौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ की उपस्थिति एवं उनके कार्य प्रगति का मुआयना किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर सुधा में स्थापित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया, जहां दोनों बीएलओ अनुपस्थित पाईं गईं। स्कूल में उपस्थित सहायक अध्यापक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यहां पर दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री बीएलओ जैनब एवं कीसा तैनात हैं। उसके बाद उन्होंने आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज शाहबाजपुर का निरीक्षण किया, जहां दो बीएलओ जसवंत कुमार शिक्षामित्र तथा जितेंद्र सिंह अनुदेशक उपस्थित पाए गए। दोनों बीएलओ ने बताया कि आज कोई फॉर्म नहीं भरा गया है। जिलाधिकारी द्वारा फार्मों की उपलब्धता के बारे में मालूम किए जाने पर बताया गया कि फॉर्म 6 कम संख्या में उपलब्ध हैं, जबकि फार्म 7 मतदान केंद्र पर मौजूद नहीं हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि फॉर्म 6 और फॉर्म 7 दोनों पर्याप्त संख्या में बूथों पर रखें और यदि कोई मतदाता बूथ पर आने में असमर्थ है तो गांव में जाकर उनसे फार्म भरवाना सुनिश्चित कराएं। प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर के निरीक्षण के दौरान गेट पर ताला लगा पाया गया।

# वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये। उन्होंने यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। एआरटीओ प्रशासन शिव शंकर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक माह का अभियान नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिम्मेदारी है। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया। चिकित्सा विभाग की ओर से डा. समीर भटनागर ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों को समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में एआरटीओ प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर, यातायात प्रभारी रवि नैन एवं यात्रीकर अधिकारी मुन्नालाल मौजूद रहे।



हेलमेट पहनाते हुए साकेन्द्र प्रताप।

# तार में फंसी पतंग निकालने के चक्कर में किशोरी की मौत

**चांदपुर (चिंगारी)।** बिजली के तार में फंसी पतंग को निकालने के चक्कर में एक किशोरी की हाईवोल्ट करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। किशोरी की मौत से घर में कोहराम मच गया। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा हल्दौर रोड पर मो. जाहिद अपने परिवार के साथ रहता है। शनिवार की दोपहर को जाहिद की पुत्री अलफिशा (14 वर्ष) घर के पास से गुजर रही हाई वोल्ट लाइन के तार में फंसी पतंग को निकालने के चक्कर में करेंट की चपेट में आ गई। परिजन अलफिशा को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा



**शेरकोट (चिंगारी)।** संत शिरोमणि रविदास जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में शनिवार को क्षेत्र के ग्राम हरेवली और शहजादपुर में अखाड़े व झांकियों के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व ग्राम हरेवली स्थित रविदास मंदिर में हवन पूजन का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण के उपरांत डीजे, अखाड़े और झांकियों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा परम्परागत मार्गों से होते हुए देर शाम मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हो गई। शोभायात्रा में शामिल राधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम आयोजन में निपेंदर कुमार, लालमणि सिंह, तेजपाल सिंह, हेतराम सिंह, बितेश कुमार, केवल सिंह, गजराम सिंह, सतपाल सिंह आदि शामिल रहे। ग्राम शहजादपुर में भी रविदास धर्मशाला में हवन पूजन और प्रसाद वितरण के उपरांत हेतराम सिंह, मोहित कुमार आदि की देखरेख में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल अखाड़े में खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। युवा डीजे पर नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से घूमने के बाद देर शाम धर्मशाला पहुंचकर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# बिजनौर के नफीस की सऊदी अरब में हार्ट अटैक से मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** सऊदी अरब में फैमिली ड्राइवर के रूप में काम कर रहे बिजनौर के एक व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना की ख़बर सुनते ही यहां परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय मुहल्ला खतरियान बाहर वाली मस्जिद के पास रहने वाले नफीस अहमद (52 वर्ष) सऊदी अरब में फैमिली ड्राइवर के रूप में काम करते थे। बताया जाता है कि नफीस क़रीब दो साल से सऊदी में थे। नफीस कल जैसे ही काम से अपने रूम पर लौटे, अचानक उनके सीने में दर्द हुआ जो बढ़ता गया, थोड़ी ही देर में नफीस की मौत हो गई। नफीस के 3 पुत्र व दो पुत्रियां हैं। मौत की खबर सुनकर नफीस के परिवार में कोहराम मच गया।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनायें त्यौहार-डीएम

## धर्मगुरु व प्रबुद्धजनों से सहयोग का आह्वान




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संत रविदास जयंती एवं महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा पर्व सहित आगामी सभी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जनसामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाए रखते हुए आगामी पर्वों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मिल-जुलकर मनायें।

उन्होंने उपस्थित धार्मिक गुरुओं का आह्वान किया कि अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है, तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समय रहते समस्या का उचित निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे कि एक-दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों। शोभायात्रा परंपरागत मार्गों से ही निकाली जाए तथा किसी भी अवस्था में कोई नई परंपरा न डालें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सोशल मीडिया पर कड़ी निगाह रखें और सभी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शोभायात्रा/कांवड़ यात्रा के रूटों पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा संवेदनशील व अतिसंवेदनशील ग्रामों में निकाले जाने वाली शोभायात्राओं के संबंध में क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिये।

# बच्चों व स्टाफ की आंखों की जांच की

**चांदपुर (चिंगारी)।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस चांदपुर की ओर से आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ की आंखों की जांच की गई। शिविर में सीएल गुप्ता आई स्टीट्यूट मुरादाबाद से आये चिकित्सकों की टीम ने बच्चों व स्टाफ की आंखों की जांच कर आंखों को बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव भी दिये। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर मुंशी हसीनुद्दीन, उपप्रबंधक मौ. मरगूब, प्रधानाचार्य नदीम बख्त, शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद अहमद, मौ. ताजीम, सारिम फरहत, माही तलत, अनम मलिक, प्राची रानी, मीनाक्षी चौहान, आसिम खान आदि का सहयोग रहा।



# बहादरपुर में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

**किरतपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के अंतर्गत ग्राम बहादरपुर में शिव मंदिर प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता व ओम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन करके किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रीतम सिंह बाल्मीकि, मनजीत व प्रमोद कुमार आचार्य ने अंग वस्त्र भेंट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेशपाल सिंह ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा व पंच परिवर्तनों के बारे में विस्तार से बताया। यशपाल सिंह जिला बौद्धिक प्रमुख ने अपने संबोधन में हिंदुत्व व अपनी संस्कृति के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में आर्य जगत की उच्च कोटि के विद्वान पंडित नरेश मुनि व रसिक भारती ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पंडित भीष्म आर्य ने अपने गीतों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सहकारी समिति लिमिटेड के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह तथा संचालन तेजपाल सिंह आचार्य ने किया। इससे पूर्व प्रात: 9 बजे से यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञमान राकेश कुमार सपत्नीक रहे।



यज्ञ कुलदीप शर्मा ने संपन्न कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बृजमोहन, संदीप कुमार, शूरवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, अंकित कुमार, मोनू कुमार, सोनू कुमार, जयवीर सिंह, हेमेंद्र सिंह, योगेंद्र कुमार आचार्य, अरुण कुमार, विपिन कुमार, हेतराम सिंह, रमेश सिंह, अनिल ठाकुर, अमित राणा, बालेश कुमार, मोहन सिंह सहित समस्त ग्रामवासियों का योगदान रहा।

# आरआर पब्लिक स्कूल में हुआ स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**नूरपुर (चिंगारी)।** आरआर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने फीता काटकर किया। खेल शिक्षक जीवन सिंह के अनुसार बालक वर्ग पांच से सात वर्ष आयु वर्ग में लक्ष्य ने गोल्ड, शिव सेहल ने सिल्वर, सात से नौ वर्ष आयु वर्ग में मोहम्मद अरहम ने गोल्ड, रुदीप सिंह ने सिल्वर, सम्राट प्रताप ने ब्रांन्ज नौ से ग्यारह वर्ष आयु वर्ग में लव्य गर्ग ने गोल्ड, विकसित ने सिल्वर, आरुष ने ब्रांन्ज, ग्यारह से तेरह वर्ष आयु वर्ग में सूर्य प्रताप ने गोल्ड, रखल ने सिल्वर, कृष्णा ने ब्रांन्ज मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग से सात से नौ वर्ष आयु वर्ग में भव्या सिंह ने गोल्ड, कनिष्का सिंह ने सिल्वर, आरोही ने ब्रांन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर इनलाइन स्केटिंग प्रतियोगिता में नौ से ग्यारह वर्ष आयु वर्ग में मनदीप ने गोल्ड, प्रियांक ने सिल्वर व देव ने ब्रांन्ज मेडल प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# पत्रकार महावीर सिंह व खुर्शीद अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में एक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों के द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के ग्राम भागूवाला के वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह राजपूत व धामपुर के वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका निधन पत्रकारिता क्षेत्र में एक अपूर्णीय क्षति बताया गया। पत्रकारों ने दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में पत्रकार मुस्तकीम अहमद, प्रीतम सिंह राठी, मोहित कर्णवाल, देवेंद्र कुमार शर्मा, डॉक्टर ओपी सिंह, अजहरुद्दीन, मोहम्मद अरशद, डॉ. मुसिफुल हक, रईस अहमद, सतीश कुमार वर्मा, नरेश कर्णवाल, विक्रम सिंह के साथ अवधेशानंद, पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार व क्षेत्र के व्यक्ति मौजूद रहे।

# मॉडर्न एरा स्कूल में हुआ आशीर्वाद समारोह

**मंडावर (चिंगारी)।** मॉडर्न ऐरा स्कूल मंडावर में आशीर्वाद कार्यक्रम गीतों, प्रेरणादायक भाषणों एवं भावपूर्ण कविताओं के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार चौधरी, विद्यालय अध्यक्ष ठाकुर गजेंद्र सिंह, अनीता चौधरी एवं विद्यालय प्राधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आशीर्वाद गीतों ने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। विद्यार्थियों ने अपने ओजस्वी भाषणों एवं भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार का निरंतर प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों से भी जोड़ा जाए। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और उन्हें समाज के लिए एक बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर प्राधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास के आदर्शों को जीवन में उतारें : ओम कुमार

## रविदास जयंती पर नहटौर विधायक और उनकी पत्नी ने दर्जनों कार्यक्रमों में की सहभागिता


शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुए विधायक ओम कुमार व श्रीमती शोभा रानी।


रविदास लीला के शुभारंभ पर संबोधन करते हुए विधायक ओम कुमार।

**बिजनौर/नहटौर ( चिंगारी )। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती आज जिले भर में श्रद्धा के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। कई स्थानों पर रविदास लीला का भी मंचन किया जा रहा है।**

नहटौर विधायक ओम कुमार और उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने दर्जनों स्थानों पर जयंती कार्यक्रमों में भाग लिया। विधायक ओम कुमार ने कई गांवों में संत शिरोमणि रविदास लीला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रविदास जी के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया।

ग्राम चक गोवर्धन में विधायक ओमकुमार ने रविदास लीला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपनी रचनाओं से समाज को जाति भेदभाव से मुक्त करने का संदेश दिया। संत शिरोमणि रविदास ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन भक्ति, सेवा, सामाजिक समानता को समर्पित कर दिया। ग्राम नन्हेड़ा व गारबपुर में भी ओम कुमार ने रविदास लीला का शुभारंभ किया।

बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत शिरोमणि रविदास जी के आदर्श पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह, अनुज कुमार, गजेंद्र सिंह, टीकम सिंह, शैलेंद्र कुमार, नरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, रंजना शर्मा, ज्योति प्रभा आदि उपस्थित रहे।

रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य मनोज शर्मा ने संत शिरोमणि रविदास के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम में कमल सिंह, शिव कुमार, जागेश कुमार, अनिल, विपिन, अरुण, सोनम,मोनिका, कनिष्का, पूनम आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

विधायक ओम कुमार ने नहटौर के ग्राम बिसाठ, जमालपुर, वाजिदपुर, खेड़ी जट, फुलसंदी में आयोजित कार्यक्रमों में अपनी पत्नी शोभा रानी के साथ सहभागिता की। सभी स्थानों पर उन्होंने संत शिरोमणि के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# शौच के लिये गई युवती की करंट की चपेट में आकर मौत

## जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिये लोहे की बाड़ में छोड़ रखा था करंट

**मंडावर ( चिंगारी )।** जंगल में शौच के लिये गई एक युवती की करंट लगने से मौत हो गई। आज सुबह युवती का शव खेत के किनारे पड़ा मिला। घटना से युवती के परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक मंडावर थाना क्षेत्र के रावली निवासी विजयपाल की पुत्री पायल (18 वर्ष) कल देर शाम घर से जंगल में शौच के लिये गई थी, जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश की। रात में कुछ पता नहीं चला। आज सुबह पायल का शव खेमसिंह के खेत की मेढ़ पर पड़ा मिला। खेत के चारों ओर लोहे की तार की बाड़ है, जिसमें रात्रि में जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिये करंट फैला हुआ था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवती की मौत करंट लगने से हुई।

सूचना मिलने पर सीओ सिटी संग्राम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि संभवत: युवती की मौत बाड़ के तारों में फैले करंट की चपेट में आकर हुई। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से पता चलेगा।

# स्कूटी से जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत


सुमित का फाइल फोटो

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव गौहावर जैत निवासी सुमित कुमार (26) पुत्र रमेश सिंह बीती रात करीब साढ़े बारह बजे स्कूटी द्वारा देहरादून से घर वापस लौट रहा था, जब वह ग्राम अस्करीपुर के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रमेश की ओर से घटना के सम्बंध में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तहरीर पुलिस को दी गई है।

# कपड़े की फेरी लगाने वालों ने कर दी हेराफेरी, महिला से लूटे 15 हजार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कपड़े आदि की फेरी लगाने वालों से सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसा न हो फेरी की आड़ में हेराफेरी कर जायें। ऐसी ही एक घटना नगर में चांदपुर की चुंगी के पास हुई, जहां कपड़े बेचने आये तीन युवक एक महिला को नशा सुंघाकर उससे 15 हज़ार रुपये छीनकर फरार हो गये। चांदपुर की चुंगी पर इदरीस की बेकरी के पास रहने वाले माजिद विकलांग के घर पर कल शाम तीन युवक आये। उनके पास कपड़ों की एक गठरी थी। वे आवाज़ लगाकर माजिद के घर में घुस गये। उन्होंने माजिद की बीवी से बताया कि वे कोट-पेंट आदि कपड़े बहुत सस्ते दामों में बेच रहे हैं। उन्होंने कपड़े लेने की जिद की। इस बीच एक युवक माजिद की बीवी के मुंह के सामने अपना मफलर हिलाता रहा। बताया जाता है कि मफलर पर कोई नशीली वस्तु छिड़की हुई थी। माजिद की बीवी बेहोश होने लगी। इस बीच युवक उसके हाथ से 15 हज़ार छीनकर भाग गये। बताया जाता है कि माजिद की बीवी उक्त रुपये कमेटी के जमा करने जा रही थी।

# कार की चपेट में आने से युवक घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** शनिवार की दोपहर कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु धामपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शेरकोट के मौहल्ला समना सराय निवासी प्रिंस कुमार कल दोपहर बाइक पर सवार होकर किसी काम से हरेवली तिराहे पर जा रहा था, जब उसने तिराहे पर पहुंचकर अपनी बाइक सड़क पार करने के लिए सर्विस रोड से हाईवे पर चढ़ाई तो बाइक अफजलगढ़ की ओर से आ रही कार की चपेट में आ गई, जिससे प्रिंस सड़क पर गिरकर घायल हो गया। इस हादसे में उसके एक पैर में गम्भीर चोट लगी। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा होने से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल बाइक सवार को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचा दिया और दोनों वाहन हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल करा दिया। पुलिस दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने साथ थाने ले गई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार का बुनियादी ढांचे पर जोर, कैपेक्स बढ़कर 12.2 लाख करोड़



केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए बुनियादी ढांचे और औद्योगिक आत्मनिर्भरता को नई रफ्तार देने का खाका खींचा है। अपने लगातार नौवें बजट भाषण में वित्त मंत्री ने आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए पूंजीगत व्यय में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। इसके साथ ही, सरकार ने भविष्य की तकनीकों, एमएसएमई और ग्रीन एनर्जी के लिए कई नई योजनाओं का ऐलान किया है।

## कैपिटल एक्सपेंडिचर में भारी बढ़ोतरी

बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2027 के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। यह वित्त वर्ष 2026 के 11.2 लाख करोड़ रुपये के आवंटन की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बढ़ा हुआ खर्च इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की गति को बनाए रखने और आर्थिक विकास को सहारा देने के लिए है।

महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार ने ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में रेयर अर्थ कॉरिडोर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान और विनिर्माण को बढ़ावा देना है। नवंबर 2025 में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के लिए शुरू की गई योजना को विस्तार देते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि चीन जैसे देशों पर आयात निर्भरता कम की जा सके।

## बायो-फार्मा शक्ति और हेल्थकेयर

भारत को वैश्विक बायो-फार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए बायो-फार्मा शक्ति कार्यक्रम का ऐलान किया गया है। इसके लिए अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इस योजना के तहत 3 नए राष्ट्रीय संस्थान बनाए जाएंगे और 7 मौजूदा संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही, दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सेंट्रल ड्रग कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

## सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स

इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए 40,000 करोड़ रुपये के खर्च का प्रस्ताव रखा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर मिशन 1.0 की सफलता के बाद अब सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 लॉन्च किया जाएगा, जो इक्विपमेंट, मटीरियल्स और सप्लाई चेन को मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

तकनीकी वस्त्रों में वैल्यू एडिशन के लिए मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे। 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टर्स को पुनर्जीवित करने के लिए एक विशेष योजना लाई जाएगी। खादी और हैंडलूम को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल का प्रस्ताव भी रखा गया है। पर्यावरण के अनुकूल विकास को बढ़ावा देने के लिए, स्टील और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में कार्बन कैप्चर और यूटिलाइजेशन स्कीम के लिए 20,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है।

# आया बजट... शेयर बाजार धड़ाम



शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया और एक बार फिर कोहराम मचा है और बड़ी-बड़ी दिग्गज कंपनियों के शेयर ताश के पत्तों की तरह बिखर गए हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बजट पेश होने के बीच ही अचानक भर-भराकर टूट गया, तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। BSE Sensex एक झटके में 2300 अंक से ज्यादा गिर गया, तो वहीं NSE Nifty ने 750 अंक का गोता लगा दिया। मार्केट टूटने से रिलायंस, बीईएल और अडानी पोर्ट्स समेत कई दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिली।

## रक्षा के लिए 7.8 लाख करोड़ रुपये का बजट

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रक्षा मंत्रालय को 7.8 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस बजट में रक्षा बलों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है. सरकार ने सेना के आधुनिकीकरण के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। रक्षा पूंजीगत बजट में भी बड़ी बढ़ोतरी की गई है। यह बजट पिछले वर्ष के 1.80 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2.19 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

# सपा में शामिल होने पर युवा नेता अनुज मलिक का शानदार स्वागत हुआ

## सांसद हरेंद्र मलिक ने भाजपा को किसान, मजदूर और संविधान विरोधी बताया



बिजनौर (चिंगारी)। हाल ही में समाजवादी पार्टी में शामिल हुये पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक का शनिवार को सपा के जिला कार्यालय में जोरदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर आयोजित पीडिए पंचायत पंचायत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा को किसान, मजदूर और संविधान विरोधी बताते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सांसद हरेंद्र मलिक ने आगे कहा कि चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चलकर किसानों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के हित की बात करने वाला एकमात्र नेता सपा प्रमुख अखिलेश यादव है। उन्होंने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और स्वर्गीय अजित सिंह को याद करते हुए कहा कि दोनों ने चरण सिंह के सपनों को साकार करने के लिए भाइयों की तरह काम किया। आज अखिलेश यादव ही चौधरी चरण सिंह की तरह किसानों के हित की बात कर रहे हैं। हम सबको एकजुट होकर किसान विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना होगा।

समारोह की अध्यक्षता निवर्तमान जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की, जबकि संचालन महासचिव धनंजय यादव ने किया। कार्यक्रम में चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, नजीबाबाद से हाजी तस्लीम, नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी, नौगांवां सादात विधायक समरपाल सिंह, नगीना विधायक मनोज पारस, पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार जज, पूर्व विधायक हाजी नईम उल हसन, एमएलसी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, महिला जिला अध्यक्ष प्रभा चौधरी, भोलू कुरैशी आदि ने विचार रखे।



इनके अलावा कुंतेश सैनी, हनी फैसल, योगेंद्र चौधरी, महमूद कस्सार, श्लोक पवार, काशिफ खान, आलोक चौधरी, फरहान खान, नवाब मंसूरी, बीके कश्यप, पंकज विश्नोई, मदन लाल सैनी, आशुतोष विश्वकर्मा, राधा सैनी, नमन प्रधान, शमशाद अंसारी, सतपाल सिंह, अखलाक पप्पू, शिराज जैदी, लाखन सिंह पाल, अफजाल उल हक, धर्मेंद्र भुइयार, मुस्तकीम आदि नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम शुरू होने से पहले सांसद हरेंद्र मलिक ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जुलूस के रूप में वे पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत हुआ। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी। जिले के सभी वरिष्ठ सपा नेता एक मंच पर नजर आये।

### सामाजिक न्याय की नीति से प्रभावित होकर सपा में आया- अनुज मलिक

इस अवसर पर अनुज मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों, सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति को देखते हुए उन्होंने यह फैसला लिया। सांसद हरेंद्र मलिक जैसे लोकप्रिय नेता की मौजूदगी और पार्टी के मजबूत संगठन ने उन्हें प्रेरित किया। अब वे पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए काम करेंगे और बिजनौर में पीडीए की आवाज को बुलंद करेंगे। बता दें कि अनुज मलिक अपने समर्थकों की भारी भीड़ के साथ समारोह में पहुंचे। जाट समाज के अनेक दिग्गज भी उनके साथ थे। अनुज मलिक को आगामी विधानसभा चुनाव में बिजनौर विधानसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

### अनुज मलिक के आने से पीडीए परिवार मजबूत होगा

सांसद हरेंद्र मलिक ने अनुज मलिक का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित नेता का पीडीए परिवार में शामिल होना पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की एकजुटता को और मजबूत करेगा। यह नौजवान बिजनौर जिले में पार्टी के जनसमर्थन को नई ऊर्जा देगा। हम मिलकर सामाजिक न्याय और किसान-मजदूर हितों की लड़ाई को तेज करेंगे।

# विदेश में पढ़ाई और इलाज हुआ सस्ता




विदेश में मेडिकल और पढ़ाई के लिए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने बड़ा ऐलान किया है। अब टीसीएस के तहत खर्च पर इंटरेस्ट रेट को 5 फीसदी से घटाकर 2 फीसदी कर दिया है। इसका मतलब है कि अगर आप विदेश में अपना पैसा खर्च करते हैं तो अब सिर्फ 2 फीसदी का ही ब्याज लगेगा, जबकि पहले 5 फीसदी का ब्याज देना होता था। लेकिन यह सिर्फ एजुकेशन और मेडिकल खर्च के लिए ही वैलिड है। इस बड़े ऐलान के बाद विदेश में पढ़ाई और इलाज अब सस्ता हो जाएगा। वहीं सरकार ने कैंसर समेत 17 दवाओं पर कस्टम ड्यूटी फ्री कर दी है, जिससे विदेश से आने वाली ये दवाएं और भी सस्ती हो जाएंगी।

## महिलाओं के लिए नई योजना

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कई खास बड़े ऐलान किए हैं। यह बजट किसानों, युवाओं और आम लोगों पर फोकस है इस बीच, वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए खास ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए सी-मार्ट योजना की शुरुआत की है। पिछले साल के बजट में महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना की शुरुआत की गई थी और इस बार के बजट में इस योजना को आगे बढ़ाते हुए सी-मार्ट योजना की शुरूआत की जाएगी। जिसके तहत महिलाओं को अपने कारोबार स्टैबिलिट करने के लिए बड़ा सपोर्ट मिलेगा। वहीं ये कारोबार के लिए कम ब्याज पर लोन उठा सकती हैं।

## नई तकनीक और दक्षता आधारित रोजगार पर जोर

बजट में शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है। युवाओं की क्षमता बढ़ाने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई है। पिछले वित्त वर्ष में शिक्षा के लिए 1,28,650.05 करोड़ का आवंटन किया गया था। इस बार भी सरकार ने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए बजट में वृद्धि पर खास ध्यान दिया है। सरकार शिक्षा को रोजगार और उद्यम के साथ जोड़ने पर जोर देगी। विकसित भारत का मुख्य चालक सेवा क्षेत्र रहेगा, और इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी जो AI और नई तकनीकों के प्रभाव का आकलन करेगी।


# बजट से बम-बम हुई काशी

## 2 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की सौगात, शिप रिपेयर स्टेशन भी खुलेगा

केंद्रीय बजट 2026-27 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वाराणसी के लिए कई विकास कार्यक्रमों की घोषणा की है। वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है। बजट 2026-27 में वाराणसी को हाई स्पीड रेल कॉरिडोर से जोड़ने की घोषणा की है। देश में 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर चलाए जाएंगे। इनमें दो हाई स्पीड रेल कॉरिडोर वाराणसी से जुड़े हैं। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के नेटवर्क को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की घोषणा की है। इनमें से दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाया जाएगा। वाराणसी को पूर्वोत्तर से जोड़ने के लिए दूसरा हाई स्पीड रेल कॉरिडोर वाराणसी-सिलीगुडी का है। इन हाई स्पीड रेल कॉरिडोर को बनाने के लिए पर्यावरण का खास ख्याल रखा जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, पर्यावरण के लिहाज़ से टिकाऊ पैसेंजर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए, हम शहरों के बीच ग्रोथ कनेक्टर के तौर पर 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पर्यावरण के लिहाज़ से टिकाऊ कार्गो मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए पूर्व में डंकुनी को पश्चिम में सूरत से जोड़ने वाले नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनाने, अगले 5 सालों में 20 नए जलमार्गों को चालू करने का प्रस्ताव है, जिसकी शुरुआत ओडिशा में नेशनल वॉटरवे 5 से होगी, जो तालचेर और अंगुल के खनिज-समृद्ध इलाकों और कलिंगनगर जैसे औद्योगिक केंद्रों को पारादीप और धमरा बंदरगाहों से जोड़ेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि इसके अलावा वाराणसी और पटना में भी इनलैंड वॉटरवे के लिए एक शिप रिपेयर इकोसिस्टम बनाया जाएगा।

तीसरा कर्तव्य, सबका साथ सबका विकास के विज़न के अनुरूप, यह सुनिश्चित करना है कि हर परिवार, समुदाय, क्षेत्र और सेक्टर को सार्थक भागीदारी के लिए संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच मिले।



# धामपुर में सम्पन्न हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन



सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए संघ के प्रांत प्रचारक अनिल कुमार।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूली बच्चे।

धामपुर (चिंगारी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शनिवार की शाम शिवाजी बस्ती द्वारा सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय परिसर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा से संबंधित संस्था साहिबजादा बाबा अजीत सिंह दल द्वारा गतका प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज करतबों तथा शिखर शिशु सदन एवं पुष्प निकेतन स्कूल के बच्चों की शिव तांडव और श्री राम स्तुति की प्रस्तुति को देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गये।

इस अवसर पर पुष्प निकेतन स्कूल की 10 वर्षीय आरोही ने संगीत की धुन पर योग क्रियाओं का प्रदर्शन तथा ध्रुविका रानी ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की शौर्य एवं गौरव गाथा का सजीव चित्रण करके सम्मेलन को राष्ट्रीयता की भावना से परिपूर्ण बना दिया। एस बी डी कॉलेज की संस्कृत विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना कुंतल एवं बी ए की छात्राओं अनु प्रजापति तथा तनु प्रजापति की देशभक्ति से परिपूर्ण रचना की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।

श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हिंदू सम्मेलन में वीर बजरंगबली की महिमा का गुणगान किया। हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ हरिद्वार से पधारी श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा की महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 मैत्रेय गिरि जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत के प्रांत प्रचारक अनिल कुमार, सह प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील कुमार, सौबादा महाविद्यालय की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मोहन कपूर, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की प्रबंध समिति के सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने संयुक्त रूप में भारत माता के चित्र के समक्ष ज्योति प्रज्वलन से किया। इन सभी अतिथियों का हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संरक्षक सुनील अग्रवाल, सरदार गुरशरण सिंह मोहन, डीएस चौहान, समिति अध्यक्ष अभय गोयल, उपाध्यक्ष डॉक्टर अर्चना कुंतल, कपिल तुली, सुनील वर्मा, सचिव पराग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, प्रभात सिंधवानी, गौरव दुआ, शुभम ग्रोवर, राजीव कुमार, हर्ष कुमार, मलखान सिंह, मुदित बंसल, अशोक कुमार दुआ आदि ने स्वागत किया। नगीना से पधारे वीर रस के कवि नकुल देव ने अपनी रचना प्रस्तुत की। सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए आरएसएस के प्रांत प्रचारक अनिल कुमार ने कहा कि संगठन के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पांच परिवर्तन के माध्यम से स्वयंसेवक समाज और देश को संगठित और शक्तिशाली मनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज आरएसएस के माध्यम से समाज और देश के विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन महसूस किया जा रहा है। साध्वी मैत्रेय गिरि ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और देश का संत समाज हिंदुओं को एकजुट करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम संचालन डॉक्टर अर्चना कुंतल व सरदार मंजीत सिंह सलूजा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिला संघ चालक अनिल ग्रोवर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# घर में घुसकर महिला की गोली मारकर हत्या

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्थानीय शिवाजी नगर की गली नंबर 16 में बीती रात 9 बजे एक महिला को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को कमरे में फर्श पर लहूलुहान हालत में गिरा देख इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल महिला को एम्स पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अज्ञात हमलावर ने महिला को घर में दरवाजे में लगी जाली से सटाकर गोली मारी है। महिला की पहचान 32 वर्षीय प्रीति रावत के रूप में हुई। जो कि एम्स में नौकरी करती है। प्रीति का एक 8 वर्षीय बेटा है, जो अपने नाना-नानी के पास रहता है। घटना की जानकारी प्रीति के परिजनों को दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ और एसपी देहात ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस व एसओजी की टीम अज्ञात हमलावर की पहचान करने में जुट गई है।

# ऑन लाइन 'झूठा निकाह' कर ठगी का आरोप, मामला दर्ज



**नहटौर ( चिंगारी )।** एक विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का निकाह व्हाट्सएप पर ऑनलाइन वीडियो कॉल के जरिए हुआ था।

शनिवार की शाम अमरोहा निवासी पीड़िता का फरवरी 2025 में निकाह नहटौर के मोहल्ला जिगर कॉलोनी निवासी शुएब के साथ ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से हुआ था। निकाह के समय 5 लाख रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से 3 लाख रुपये नकद दिए गए। आरोप है कि नवंबर 2025 में बारात आने पर उसकी विदाई हुई थी। जिसमें 1.5 लाख रुपये नकद और अन्य सामान दिया गया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद ससुराल वाले कम दहेज का ताना देने लगे और अतिरिक्त 3 लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़िता ने बताया कि 21 नवंबर 2025 की रात को जब उसके पति सो रहे थे, तब उसके देवर शाहजेब ने उसके साथ गलत हरकत की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि 29 नवंबर 2025 को ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और उसके जेवर भी छीन लिए। पीड़िता का दावा है कि उसके साथ 'झूठा निकाह' करके फंसाया गया है और उसके परिवार के पैसे ठगे गए हैं। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति शुएब, ससुर अशरफ, सास गुड्डी, देवर शाहजेब, ननद शीबा और ननदोई अकरम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# युवती से मोबाइल फोन छीनने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पैर में लगी गोली

**नगीना ( चिंगारी )।** एक युवती से सरे बाजार मोबाइल छीनने के आरोपी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से आरोपी घायल भी हो गया। पुलिस अब उसके एक अन्य साथी की गिरफ्तारी की तलाश में लगी है।

30 जनवरी की शाम एक युवती अपनी सहेली के साथ गांधी मूर्ति के पास स्थित नहर किनारे खरीदारी करने जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान दो युवकों ने युवती के हाथ से मोबाइल छीना व भाग गए। घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, तो उसमें दो संदिग्ध युवकों के चेहरे दिखाई दिए थे। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात्रि करीब 8 बजे जब पुलिस ग्राम अल्लहेदादपुर के पास चैकिंग कर रही थी, तो पुलिस को पास देखकर एक युवक मुड़कर भागने की कोशिश करता हुआ दिखाई दिया। पुलिस का कहना है कि पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग के दौरान एक गोली युवक के पैर में लग गई, जिससे युवक घायल हो गया। घायल अवस्था में पकड़े गए युवक ने अपना नाम फुरकान पुत्र अबरार अहमद निवासी मोहल्ला सरायमीर नगीना बताया। पुलिस के अनुसार उसने मोबाइल छीनने की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि उसने यह घटना नगर के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी जैद के साथ की थी। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के पास से छीना हुआ मोबाइल व अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि मोबाइल छीनने की घटना में शामिल दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी भी जल्द सुनिश्चित कराई जाएगी।



मोबाइल छिनने के आरोपी फुरकान को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने के बाद अस्पताल में इलाज कराती पुलिस।


## लीज डीड नीलामी 05/02/2026

ग्राम पंचायत शरीफपुर के राजस्व ग्राम मुबारकपुर पौट्टा के खसरा नम्बर 17 झील की भूमि 40 बीगा लीज (पट्टा) पर दी जा रही है, जिसकी पट्टे की समय अवधि पांच वर्ष रहेगी। जिस आराजी का पट्टा धनराशि 1,60,000 प्रति वर्ष लग गई है। जिसकी नीलामी 05/02/2026 को निर्धारित की गई है। उपरोक्त तय की गई धनराशि पर 10 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ोतरी होती रहेगी। अत: पट्टे शुदा आराजी पर मछली पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, शतुरमुर्ग पालन एवं फुलवारी आदि कर सकते है।

**ग्राम प्रधान जोली रानी**

**पता:- ग्राम फजलपुर पौट्टा, पोस्ट पावटी, ब्लॉक हल्दौर, जिला बिजनौर मो.नं.- 8958605640**
**नोट:- 04/02/2026 तक अपने एमयू दिये पते पर जमा कर दे।**


# पोषक नहर में मिली युवक की लाश

**स्योहारा ( चिंगारी )।** धामपुर-स्योहारा मार्ग पर ग्राम जमालपुर के पास पोषक नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में युवक के ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि घटनास्थल के ठीक ऊपर से रेलवे लाइन गुजर रही है। युवक की उम्र करीब लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। मृतक के पास किसी प्रकार की पहचान से संबंधित वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के गांवों के लोगों को बुलाकर प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अभय कुमार पाण्डेय का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल युवक की पहचान और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे, कार की टक्कर से सात घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे 74 धामपुर शेरकोट मार्ग राजपूताना के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार चार बच्चों सहित सात घायल हो गए। शेरकोट के मोहल्ला शेखान निवासी मोबिन पुत्र शकील अपनी पत्नी नाजिया, व सास चांद बीबी व पुत्री, आयजा, अक्षा, अली शान, निशा, जीशान के साथ धामपुर में अपने साले के यहां बर्थडे पार्टी में आये थे। बीती रात वे अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी ई रिक्शा नेशनल हाईवे 74 पर राजपूताना के पास पहुंची, तो पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी ई रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर अक्षा (11 वर्ष) की हालत चिंताजनक देखते हुए रैफर कर दिया गया। बाकी सभी को मामूली उपचार के बाद घर भेज दिया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार सवार युवक को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि कार सवार युवक नशे की हालत में था।



# मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मंदिर से निकाली कलश-यात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में शिव मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसका कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगीना चौराहे एवं मार्केट होते हुए मंदिर पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में पीत वस्त्र पहने हुए महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। कलश यात्रा में सबसे आगे बैंड धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे और अंत में सुसज्जित गाड़ी में प्रसाद वितरित करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। कलश यात्रा में सुशील, लता कौशिक, रीना, पिंकी, बाला देवी, शशि कौशिक, सुषमा राजावत, सुनीता, पूनम देवी, सरोज देवी, अर्चना रानी, मोनिका, सुनीता, रेखा देवी, अंजली देवी, कविता देवी, पिंकी देवी, दीपक गहलौत, धीरेन्द्र चौहान, प्रदीप कुमार कौशिक, टीकाराम जैन, सुरेंद्र सिंह, राजू राजावत, अखिलेश कुमार, पंकज कुमार, धर्मवीर सिंह, शीशराम सैनी आदि शामिल रहे।



# सीएम धामी ने किया बर्ड वाचिंग फेस्टिवल का शुभारंभ

## 61 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया ✦ अनेक जनसेवाएं प्रारंभ करने की घोषणा की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार नगर निगम के सनेह में शनिवार से दो दिवसीय बर्ड वाचिंग फेस्टिवल आरंभ हो गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार पहुंचकर फेस्टिवल का आरंभ किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के विभिन्न विकासखंडों के विकास के लिए 326 करोड़ से अधिक की 61 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कोटद्वार पहुंचकर सबसे पहले दिव्यांग बालक-बालिकाओं से मिलकर उनसे संवाद किया तथा उनकी शिक्षा के बारे में जाना। उसके बाद उन्होंने सिद्धबली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने सनेह क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वाचिंग फेस्टिवल का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटद्वार की छात्राओं ने लोकभाषा गढ़वाली में स्वागत गान गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। हेरिटेज स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों की पक्षी एवं प्रकृति संरक्षण पर शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुल 61 विकास योजनाओं का



शनिवार को सिद्धबली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद फेस्टिवल के दौरान उपस्थित जनता को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 21 योजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा, जिनकी कुल अनुमानित लागत 8,172.78 लाख रुपये रही। वहीं 40 योजनाओं का लोकार्पण किया गया, जिनकी कुल लागत 24,439.55 लाख रुपये रही। तत्पश्चात उन्होंने फेस्टिवल परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पक्षी पहचान एवं संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल अत्यंत सराहनीय हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21वां दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा और इसमें महिलाओं का योगदान सर्वाधिक रहेगा। महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पाद गुणवत्ता में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पादों से भी बेहतर हैं। मुख्यमंत्री ने कोटद्वार क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आयुष चिकित्सालय, खोह नदी को प्रदूषण मुक्त करने हेतु एसटीपी की स्थापना, मालन नदी पर 26 करोड़ रुपये से अधिक लागत से पुल निर्माण तथा कोटद्वार-नजीबाबाद फोर लेन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मौके पर उन्होंने हल्दूखाता में नगरीय पेयजल योजना की खनन प्रभावित जीर्ण शीर्ण पाइपलाइन का सुदृढ़ीकरण करने, राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में दो कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय, विज्ञान कक्ष, कंप्यूटर कक्ष तथा चहारदीवारी का निर्माण कराने, जीतपुर गांव में बाढ़ सुरक्षा कार्य कराने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झंडीचौड़ में 108 एम्बुलेंस सेवा की सुविधा उपलब्ध कराये जाने व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में चहारदीवारी का निर्माण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में लैंसडाउन विधान सभा विधायक महंत दिलीप सिंह रावत, उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेंद्र अणथ्वाल, उपाध्यक्ष सिंचाई समिति ऋषि कंडवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, डीएफओ लैंसडाउन जीवन मोहन दगाड़े, मण्डी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, नगर आयुक्त कोटद्वार पीएल शाह, उपजिलाधिकारी कोटद्वार चतर सिंह चौहान और जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, बर्ड वॉचर तथा आम नागरिक उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष ने क्षेत्र के विकास को लेकर सीएम को ज्ञापन सौंपा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार नगर निगम के सनेह में शनिवार को बर्ड वाचिंग फेस्टिवल का आरंभ करने आए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने क्षेत्र के विकास को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होंने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार को श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय का स्थायी परिसर घोषित करने, कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में बढ़ती नगरीय आवश्यकताओं को देखते हुए नगर निगम के अंतर्गत आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मल्टी-स्टोरी पार्किंग एवं आधुनिक व्यायामशाला का निर्माण किए जाने, नगर निगम के वार्ड संख्या-31, पदमपुर मोटाढाक में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु पेयजल नलकूप का निर्माण किये जाने, पौराणिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कण्वाश्रम को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित किये जाने, सनेह स्थित बर्ड फेस्टिवल स्थल के समीप कोल्हू नदी पर पुल का निर्माण कराने,राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कोटद्वार का नाम वीर बाला तीलू रोतेली के नाम पर तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, घमंडपुर का नाम महान समाज सुधारक इच्छागिरी माई के नाम पर करने, कोटद्वार बेस अस्पताल में हृदय रोग, न्यूरो, यूरोलॉजी से जुड़ी व्याधियों के उपचार हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद सृजित एवं नियुक्ति करने के साथ ही मांगों पर सकारात्मक कार्यवाई करने की अपील की है।

## युकां ने किया काले झण्डे दिखाने का प्रयास

**शनिवार को कोटद्वार के सनेह में आयोजित बर्ड फेस्टिवल का आरंभ करने आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय रावत और उनके साथियों ने काले झंडे दिखाने का प्रयास किया, जिस पर उनको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस अवसर पर विजय रावत ने कहा कि वे सिर्फ जनहित के मुद्दों को उठा रहे हैं और बीजेपी सरकार उनकी आवाज को दबाना चाहती है। कहा कि यूथ कांग्रेस बीजेपी की जनहित विरोधी नीतियों का विरोध करना लगातार जारी रखेगी।**

## इस फेस्टिवल से बर्ड-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा : ऋतु खण्डूडी

**विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूरी भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखण्ड में पायी जाने वाली लगभग 700 पक्षी प्रजातियों में से करीब 400 प्रजातियां कोटद्वार क्षेत्र में पायी जाती हैं, जो यहां की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाता है। उन्होंने बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल को इको-टूरिज़्म एवं बर्ड-टूरिज़्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में क्षेत्र को मिली करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जनपद के समग्र विकास को नयी गति मिलेगी।**

## यह फेस्टिवल अपने आप में अनूठी पहल है : डीएम

**जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया ने उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जैव विविधता, प्रकृति और जीवन के प्रति संवेदनशीलता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि बर्ड फेस्टिवल अपने आप में एक अनूठी पहल है, जो न केवल पक्षियों के संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार भी खोलता है। दो दिवसीय बर्ड वाचिंग फेस्टिवल के पहले दिन लगभग 2500 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया।**

# दुकान का नाम 'बाबा' रखने पर हंगामा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में एक दुकान का नाम 'बाबा' रखने तथा बजरंग दल की स्थानीय इकाई के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने के विरोध में शनिवार को देहरादून से आए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रांत गौ रक्षा प्रमुख नरेश उनियाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें किसी तरह से समझा कर थाने ले गये। बताते चले कि लगभग दो दिन पूर्व बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ता पटेल मार्ग स्थित एक दुकान पर पहुंचे। यहां उन्होंने उन्होंने दुकान का नाम 'बाबा' के नाम पर रखने को लेकर आपत्ति जताई थी। जिस पर दुकान मालिक ने दुकान शिफ्ट होने पर नाम बदलने का आश्वासन दिया था, लेकिन दुकान शिफ्ट होने के बाद भी दुकान का नाम नहीं बदला गया है। वहीं इस घटना के वायरल वीडियो में कार्यकर्ता यह भी कह रहे हैं कि कोटद्वार में 'बाबा' नाम केवल सिद्धबली बाबा का है। तभी एक व्यक्ति स्वयं का नाम मोहम्मद दीपक बताते हुए मौके पर पहुंचता है। उसका कहना था कि दुकान 30 साल पुरानी है, इसलिए इस मामले में नेतागिरि न दिखायें। आरोप है कि 'मोहम्मद दीपक' नाम के इस व्यक्ति ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। कोतवाल प्रदीप नेगी ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# 'सरकार जन-जन के द्वार' के तहत बहुउद्देश्यीय शिविर लगाया 205 ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत विकासखंड रिखणीखाल की न्याय पंचायत कुमाल्डी में शुक्रवार को बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय विधायक दिलीप रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान स्थानीय विधायक दिलीप रावत ने सरकार की इस लोकहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आम जनता को सीधे सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपर सचिव, सहकारिता एवं ऊर्जा मेहरबान सिंह बिष्ट ने उपस्थित अधिकारियों को प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी व सहायक श्रमायुक्त शैलेश सती ने बताया कि शिविर में घेरबाड़, सड़क, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, वन, गूल मरम्मत सहित विभिन्न प्रकार की कुल 62 समस्याएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से लगभग 205 ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया जबकि 15 ग्रामीणों के विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र भरवाए गए। बताया कि शिविर में कृषि, समाज कल्याण, उद्यान, वन, स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पशुपालन, खाद्य एवं पूर्ति, बाल विकास सहित कुल 23 विभागों ने सहभागिता कर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं से स्थानियों को लाभान्वित किया।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रिखणीखाल रेनू रावत, उप जिलाधिकारी शालिनी मौर्य, खंड विकास अधिकारी देवेश पंत, उप प्रभागीय अधिकारी रजत कपिल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कोटनाला, क्षेत्र पंचायत सदस्य बसंती शाह व ग्राम प्रधान शांति देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम नरगदी में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित






**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम नरगदी में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर बल दिया। शनिवार को आयोजित सम्मेलन में हरिद्वार के प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम के महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने हिंदुत्व की आध्यात्मिक और सामाजिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने सनातन धर्म की निरंतरता और इसके वैश्विक महत्व को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता सुनील कुमार ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि कैसे संगठन ने राष्ट्र सेवा और सामाजिक सुधार के संकल्प के साथ एक सदी का सफर पूरा किया है। आरएसएस के विभाग प्रचारक क्रांति कुमार ने 'पंच परिवर्तन' के विषय पर अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव के लिये पांच प्रमुख आयामों पर चर्चा की। सम्मेलन की अध्यक्षता टीकाराम सिंह ने की और आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में शोभित त्यागी रहे। सम्मेलन का संचालन नेपाल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मूलचंद सिंह, मृत्युंजय, विपिन, खंड कार्यवाह सचिन, विश्वास, क्षेत्रपाल, कपिल कुमार, विनिल त्यागी, प्रदीप और सुभाष आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 'पंच परिवर्तन' और संघ शताब्दी पर हुई चर्चा

# स्व. राजाराम शास्त्री के नाम पर सड़क का लोकार्पण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर की विभूतियों को सम्मान देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बिजनौर ने सड़कों के नामकरण की एक नई पहल शुरू की है। इसी क्रम में शनिवार को नगर के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य स्वर्गीय राजाराम शास्त्री की स्मृति में एक मार्ग का नामकरण उनके नाम पर किया गया। इसका विधिवत लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर का मान बढ़ाने वाली हस्तियों के नाम पर मार्गों का नामकरण करने का मुख्य उद्देश्य उन्हें सम्मान दिलाना और भावी पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराना है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, जेई सिविल यशवंत सिंह के साथ-साथ गौरव कुमार शर्मा, सोनिका गर्ग, सभासद दीपक गर्ग, मनोज कुमार उर्फ मनी, संजय बिश्नोई, प्रभाकर, अमित कुमार, नीरज शर्मा, अफजाल पहाड़ी, अनिल कुमार शर्मा, पंकज भारद्वाज, जिला बार एसोशिएशन के सचिव विशाल अग्रवाल, यशपाल शर्मा और अरविंद शास्त्री मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# स्वामी रूपेंद्र प्रकाश का स्वागत किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** महामंडलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश जी महाराज ( प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम, हरिद्वार ) का ओम सदन पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक ओमकुमार व उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ओमकुमार ने कहा कि महाराज जी का सान्निध्य एवं आशीर्वाद हम सभी के लिए अत्यंत सौभाग्यपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर कुणाल सिंह गिलाड़ी, विनिल त्यागी, चमन दहिया, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# स्पेयर पार्ट्स की शॉप का शुभारंभ

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय बस स्टैंड पर राजपूत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं स्पेयर पार्ट्स की दुकान का शुभारम्भ यज्ञ-हवन के उपरान्त वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण ने फीता काटकर किया। यज्ञ-हवन पं. आनंद स्वरूप शर्मा ने सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान संजय राजपूत सहधर्मिणी सुमन देवी संग रहे। आकाश राजपूत, प्रशांत राजपूत, इशिका राजपूत, शालू राजपूत, कियांश राजपूत, कालू सिंह, डोरीलाल पहलवान, चन्द्रपाल सिंह, धर्मपाल सैनी, सुशील राजपूत, जौनी सिंह, चन्द्रभान सिंह आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर दुकान का उद्घाटन करते वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण

# आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में सुनामी ने द्वितीय स्थान हासिल किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंडरी एकेडमी नयागांव (मंडावली) की छात्रा कु. सुनामी पुत्री दीपक कुमार, निवासी ग्राम मोहनपुर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त करके अपना और एकेडमी का नाम रोशन किया है। 31 जनवरी को एचआरआईटी यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में गाजियाबाद आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ने यूनिवर्सिटी के सहयोग से उत्तर प्रदेश स्टेट (वेस्टर्न) आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के पहले ही दिन स्प्रिंग फील्ड एकेडमी नयागांव (मंडावली) की छात्रा कु. सुनामी ने जूनियर वर्ग के 60 किग्रा उपवर्ग में बायें हाथ से प्रतिभाग करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के बाद सुनामी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये भी हो गया है। एकेडमी के एमडी कुलदीप सिंह और प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने सुनामी को बधाई देते हुए कहा कि वह शुरू से ही मेधावी और परिश्रमी छात्रा रही है। उन्होंने सुनामी के राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन करने की कामना की है।



अपने पिता दीपक कुमार के साथ छात्रा कु. सुनामी।

# इंटर के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भगवन्त पब्लिक स्कूल नूरपुर रोड, चांदपुर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणी राठी को मिस फेयरवैल व फरमान को मिस्टर फेयरवैल चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उपप्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि वे देश और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनें। समारोह में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों एवं विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्रा कनक राजपूत व शिखा ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया।

# सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी

## हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगायें



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में सभी शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' यातायात के नियम अपनायें, अपना जीवन सुरक्षित बनाने के लिए एक रैली निकाली गयी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देना रहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में छात्र/छात्राओं एवं शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव एवं कॉलेज के सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों डॉ. शबनम कुरैशी, अमित गौर, आदिल खान, अवनीश कुमार, फाल्गुनी शर्मा, सारिका ढोढवाल, सिमरन भारद्वाज ने सड़क पर चलते समय हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फ़ोन का प्रयोग न करने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरो के जीवन की रक्षा का माध्यम है।

# बढ़ते हुए नशे के ख़िलाफ़ जागरूकता मार्च निकाला

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम के द्वारा नजीबाबाद तहसील के गांव भदौला में एक महिला चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें गांव में बढ़ते हुए नशे के खिलाफ जागरूकता मार्च निकाला गया। समाज में नशे से होने वाली हानियों को उजागर किया गया, जिसमें भदौला, झक्खाकी, जोगीरम्पुरी, मौअज्जमपुर, किशनपुर आंवला आदि गांव की महिलाएं शामिल रहीं। टीम प्रबंधक हरवेंद्र राणा ने महिलाओं को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने, गांव-गांव टीम को मजबूत बनाने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष निशि चौधरी ने महिलाओं को जानकारी देते हुए टीम स्वराज के द्वारा किये गए कार्यों से अवगत



जागरूकता रैली में शामिल महिलाएं।

कराते हुए संगठित होने के लाभ बताये। ब्लॉक अध्यक्ष सीमा चौधरी ने महिलाओं की समस्या सुनकर जल्द ही संबंधित विभाग से बात कर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। ब्लॉक उपाध्यक्ष शगुफ्ता सैफी ने महिलाओं को सरकार के द्वारा चलाये जा रहे स्वयं सहायता समूह व उनसे जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। जिला मीडिया प्रभारी विकास कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार संबंधित जानकारियां दीं। ग्राम स्तर पर टीम का गठन किया गया, जिसमें हेमलता देवी को ग्राम अध्यक्ष, संतोष देवी को ग्राम उपाध्यक्ष, ललिता देवी को ग्राम कोषाध्यक्ष, ज्योति देवी को ग्राम सचिव व पवन रानी को तहसील सचिव की जिम्मेदारी दी गयी। सभा में मुख्य रूप से दुलारी देवी, पूजा चौहान, सरोज देवी, गुड्डी देवी, संजना, संगीता देवी, गजरा, उमा देवी, शिवानी, सिमरन, फूलवती देवी, रेखा देवी, अनीता देवी, नूतन, ललिता, इंद्रो देवी, मुन्नी देवी, सुदेशबाला, विजेता, बबीता, सन्नो देवी, मीरा, चमनो देवी, सोनी, शहनवाज, कामनी, नीलम देवी, शीतल आदि मौजूद रही।

## पत्रकार असद रजा का इंतकाल

### आज मगरिब के बाद पेदा में होगा दफीना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मशहूर उर्दू पत्रकार एवं संपादक असद रजा का आज सुबह दिल्ली में इंतकाल हो गया। ग्राम पेदा के मूल निवासी असद रजा उर्दू रोजनामा राष्ट्रीय सहारा के ग्रुप संपादक रहे। उर्दू के साथ-साथ हिन्दी पत्रकारिता में भी उनका योगदान रहा।



फाइल फोटो

पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और दिल्ली के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने आज दोपहर अंतिम सांस ली। उनका दफीना आज मगरिब के बाद ग्राम पेदा में उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान में होगा। चिंगारी परिवार उनकी मगफिरत की दुआ करता है।

## मुदस्सिर ने कांग्रेस छोड़ी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मेरठ मंडल के कांग्रेस प्रभारी मुदस्सिर जमा खान ने आज कांग्रेस के सभी पदों व सदस्यता से इस्तीफा देकर नगर की राजनीति में हलचल मचा दी।



स्थानीय मोहल्ला अफगानान निवासी मुदस्सिर जमा खान ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा है कि वह अपरिहार्य कारणों से कांग्रेस से इस्तीफा दे रहे हैं। मुदस्सिर जमा खान ने चिंगारी को बताया यह उनका निजी निर्णय है और वह अगला कदम क्या होगा, बाद में बताएंगे। ज्ञात हो कि मुदस्सिर जमा खान के पिताजी मुबाशिर जमा खान कांग्रेस में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हैं और बहुत पुराने कांग्रेसी है। किरतपुर क्षेत्र में वह कांग्रेस की रीढ़ माने जाते हैं। चिंगारी को सूत्रों से पता चला है कि वह बहुत जल्दी आजाद समाज पार्टी ज्वाइन कर सकते हैं।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के लाला मधू शरण सरस्वती शिशु एवं विद्या मन्दिर में संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। आज शनिवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने संत शिरोमणि रविदास की गाथा व उनके जीवन परिचय जन्म स्थान अन्य मीठे-मीठे शब्द से उनके बारे में समझाया। उनके बारे में अच्छी बातें व अच्छे कार्य तथा काम के बारे में समझाया। शिरोमणि संत गुरु रविदास की प्रतिमा रखकर व दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार तोमर ने रविदास जयंती के जीवन परिचय एवं उनकी घटनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे गौराश, संजना, खुशी, तेजस्वी शिवा, वैष्णवी, ज्ञर्षता, कनिका, मयंक, पीयूष, मानवी, रक्षिका, कनिष्क ने रविदास का जीवन परिचय तथा उनकी घटनाओं पर प्रकाश डाला। आरुषी, गौतम ने रविदास के बारे में कार्यक्रम प्रस्तुत कर शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती डॉली ने की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले भाई बहनों को रविदास का स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में रामपाल सिंह, सुनील कुमार, दुलीचंन्द मीणा, श्रीमती, प्रेमलता, मीणा, श्रीमती, पंकज, अजय कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती ममता वर्मा, गौरव कुमार लेखपाल व सभी स्टाफ अध्यापकों का सहयोग रहा।

## डीएम के सामने उठा खस्ताहाल सड़कों का मामला

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा द्वारा कांवड़ मेले को सुगम बनाने के लिए मोटा महादेव पर आयोजित की गई गोष्ठी के दौरान डीएम ने ग्रामीणों की समस्याओं को जाना व उन्हें दूर करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। गोष्ठी में भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, रितेश सैन, राजकुमार प्रजापति आदि ने अधिकारियों के सामने खस्ताहाल सड़कों की समस्याओं का मुद्दा उठाया। मंदिर पुजारी शशिनाथ ने बिजली के गड़बड़ाते शेड्यूल को लेकर शिकायत की। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पीडब्ल्यूडी व एनएचएआई के प्रति नाराजगी जाहिर जताते हुए समय रहते कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय से अपना कार्य पूरा कर ले। निरीक्षण के दौरान अगर कमियां पाई गई तो संबंधित अधिकारियों को खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जीएसटी अधिकारियों व व्यापारियों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित




**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के जीएसटी अधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच संवाद कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला नजीबाबाद में आयोजित किया गया। मीटिंग में जीएसटी के अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी के संबंध में विस्तार से बताया तथा व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनकी समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया। जिसमें जीएसटी विभाग के राज्य कर अधिकारी तलमेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, प्रदीप सिंह एवं कपिल सर्राफ जिलाध्यक्ष, श्रीमती बिन्दु सर्राफ प्रदेश मंत्री, रचित अग्रवाल प्रदेशमंत्री, रईस कुरैशी जिला महामंत्री, शाहिद सिद्दीकी नगर अध्यक्ष, मोनू टाटा शाखा अध्यक्ष, हाजी अय्यूब, अनीस सैफी, नमन गुप्ता, हाजी तुफैल अंसारी, विपुल तायल, पंकज अग्रवाल, आजाद खान, मौ. रिजवान, मौ. आसिफ, सुशील वर्मा, मुकेश वर्मा, शेर अली, फहीम घोसी, श्रीमती किरण वर्मा, अमित अग्रवाल, रूचन तायल सहित काफी व्यापारी मौजूद रहे।

## कुपवाड़ा में मेजर दानिश फारूकी को सम्मानित किया

**नजीबाबाद/मंडावली ( चिंगारी )।** उत्तर कश्मीर के संवेदनशील कुपवाड़ा सेक्टर में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों व भीषण शीतलहर के बीच संपन्न हुई एक महत्वपूर्ण कोर्ट मार्शल कार्यवाही के सफल समापन पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मेजर जनरल राजेश नायर ने नजीबाबाद निवासी मेजर दानिश फारूकी को विशेष रूप से सम्मानित किया। भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल शाखा से जुड़े मेजर दानिश फारूकी ने पूरी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान उच्च स्तर की सैन्य विधिक सेवाएं प्रदान कीं। उनके द्वारा दिये गये सटीक, संतुलित व प्रभावी कानूनी परामर्श ने कार्यवाही को समयबद्ध, निष्पक्ष व प्रक्रिया-सम्मत तरीके से पूरा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूत्रों के अनुसार, चुनौतीपूर्ण मौसम, सीमित संसाधनों व ऑपरेशनल दबाव के बावजूद मेजर



दानिश फारूकी ने पेशेवर दक्षता, विधिक स्पष्टता व न्याय केंद्रित दृष्टिकोण का परिचय दिया। उनकी कार्यशैली को सैन्य न्याय प्रणाली के मानकों के अनुरूप व उदाहरणीय बताया गया। मेजर दानिश फारूकी एक विधि परास्नातक व अनुभवी सैन्य विधि अधिकारी हैं, जो विभिन्न फील्ड और स्टाफ नियुक्तियों पर सेवाएं दे चुके हैं। वे सैन्य सेवा मामलों, अनुशासनात्मक कार्यवाहियों तथा आर्मड फोर्सेज ट्रिब्यूनल से संबंधित विधिक विषयों में विशेषज्ञता रखते हैं। सम्मान समारोह के दौरान मेजर जनरल राजेश नायर ने उन्हें मोमेंटो प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित, कर्मठ व सुदृढ़ सैन्य अधिकारी भारतीय सेना की न्यायिक व्यवस्था की मजबूती के स्तंभ हैं। उन्होंने मेजर दानिश फारूकी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# कभी व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र होता था अफ़ज़लगढ़ का होली चौक

-नितिन दिनेश कौशिक

## बस स्टैंड और मसाला बाज़ार भी यहीं था

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर के इतिहास, व्यापारिक विरासत और सामाजिक गतिविधियों का गवाह रहा होली चौक आज भी अपनी पुरानी पहचान की कहानी खुद में समेटे खड़ा है। कभी यह स्थान नगर का सबसे प्रमुख बस स्टैंड और मसाला बाजार का केंद्र हुआ करता था, जहां दिनभर चहल-पहल, व्यापारिक गतिविधियां और यात्रियों की आवाजाही बनी रहती थी। समय के साथ परिस्थितियां बदलीं, व्यवस्थाएं बदलीं, लेकिन होली चौक का ऐतिहासिक महत्व आज भी स्थानीय लोगों की स्मृतियों में जीवित है।



होली चौक।

नगर के सर्राफा व्यापारिक सुशील रस्तौगी के अनुसार 1965 के आसपास होली चौक नगर का प्रमुख बस स्टैंड हुआ करता था। उस दौर में नगीना व काशीपुर आने-जाने वाले लोगों का मुख्य ठिकाना यही स्थान हुआ करता था। यहां से चार छोटी बसें प्रतिदिन सुबह 8 बजे, दोपहर 12 व 3 बजे, वही शाम को 6 बजे अपने सफ़र पर निकलती थीं, जिसमें लव कुमार जैन (स्योहारा वाले) व गर्ग बस सर्विस (नगीना) वाले आदि की बसें प्रमुख थीं। बसों के आगमन और प्रस्थान के कारण आसपास की दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी काफी लाभ मिलता था। यही वजह थी कि यह क्षेत्र नगर की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया था।

इतना ही नहीं सन् 1970 के दशक में नगर का होली चौक क्षेत्र के सबसे बड़े मसाला बाजार के रूप में भी प्रसिद्ध था। सुशील रस्तोगी के अनुसार उस दौरान प्रत्येक बृहस्पतिवार को दूर-दराज के व्यापारी यहां मसालों की खरीद-फरोख्त के लिए पहुंचते थे। मसालों की खुशबू से महकता बाजार इस चौक की विशेष पहचान हुआ करता था। होली चौक को कभी शिवाजी मार्केट के नाम से भी जाना जाता था। यह नाम उस समय के व्यापारिक वैभव और बाजार की प्रतिष्ठा का प्रतीक था। यहां सोना-चांदी, किराना, मसाले और अन्य आवश्यक वस्तुओं की अनेक दुकानें संचालित होती थीं। त्यौहारों और विशेष अवसरों पर यहां की रौनक देखते ही बनती थी। श्री रस्तौगी बताते हैं कि एक समय ऐसा था जब होली चौक, नगर की धड़कन माना जाता था। व्यापार, परिवहन और सामाजिक मेलजोल तीनों का केंद्र यही था। बस स्टैंड और बड़े बाजार के यहां से हटने के बाद धीरे-धीरे भीड़ कम होती चली गई। नई व्यापारिक मंडियां और बाजार विकसित होने से पुराना केंद्र पीछे छूट गया। आज भी यहां इतिहास की झलक मिलती है, लेकिन पहले जैसी रौनक नहीं रही।



सुशील रस्तौगी

**होली चौक आज भले ही अपने पुराने वैभव से दूर दिखाई देता हो। लेकिन नगर की पहचान और इतिहास में उसका स्थान अब भी विशेष है। यह चौक बीते समय की समृद्धि, व्यापारिक संस्कृति और सामाजिक जीवन की जीवंत स्मृति के रूप में आज भी खड़ा है।**

## किसान की कृषि भूमि सोने-चांदी से बड़ी अनमोल दौलत है

**सोने-चांदी के भाव तेजी से बढ़ते व कम होते रहते हैं, जैसा कि आजकल हो रहा है, इसके विपरीत कृषि भूमि के दाम कभी कम होते नहीं देखे गये, हमेशा बढ़ते ही बढ़ते हैं।**



नज़रिया अपना-अपना

इसलिये किसान भाइयों को खासतौर से युवाओं को अपने बुजुर्गों से मिली इस अनमोल दौलत की बहुत संभाल करने की जरूरत है। सोने-चांदी के आभूषण क्षणिक तौर पर शरीर की शोभा बढ़ाने मात्र का कार्य करते हैं, लेकिन इनमें निरंतरता नहीं होती है। हमारी कृषि भूमि (धरती मां) निरंतर हमें जीवन जीने के लिये सभी महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ तो पैदा करती ही है, साथ ही अन्य मूल्यवान उपयोगी वस्तुएं भी हमें देती है। इसलिये भूमि मूल्य में हमेशा उछाल ही देखा गया है, कभी गिरावट नहीं हुई है।



देश के सर्वांगीण विकास के लिये खेती को विकासोन्मुखी बनाना अति जरूरी है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का भी यही विजन था। किसानी धंधा स्वयं मुख्तारी है। यानी अपनी मर्जी से कमाना, खाना और दूसरों को खिलाना सर्वोत्तम धंधा है।

दूसरे जिस किसान के घेर में गाय पलती है। अर्थात गऊ माता की सेवा होती है, वह गोकुल धाम से कम नहीं है, क्योंकि उस घर में घी, दही, दूध की अमृत रूपी नदियां बहती हैं। वहां पीजा, बर्गर आदि ज़हर का इस्तेमाल नहीं होता। ऐसे भूमिहर किसानों के घर बालरूपी कृष्ण भगवान की किलकारी और यशोदा और नंद जैसा प्यार-दुलार बच्चों को मिलता है। शराब जैसे बुरे व्यसन पास नहीं आते हैं। ऐसे परिवारों में हमेशा प्यार बना रहता है। अंदर से सरूर और चेहरों पर नूर रहता है। इसलिये किसान भाइयों को खासकर नौजवानों को अपनी धरती माता और गऊमाता और अपनी जन्मदात्री माता की सेवा करके संभाल करनी है, संजोकर रखना है, जो बेशकीमती है, अनमोल है। सोने-चादी, सट्टाबाजारी के मायाजाल में पड़ने की कोई जरूरत नहीं है, ये विनाशकारी है। क्षणिक है।

-राजेन्द्र कुमार एड., बिजनौर

## संगठन के स्थापना दिवस पर पेश किये रंगारंग कार्यक्रम

**नगीना (चिंगारी)।** वैश्य समाज महिला संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। धामपुर मार्ग स्थित एक होटल के सभागार में अयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष नीता गुप्ता के द्वारा मां भगवती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महिलाओं ने रोचक गेम्स और तंबोला का आनंद भी लिया। अध्यक्ष नीता गुप्ता ने संगठन द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिताओं में डॉक्टर वर्षा, आशी जैन, तन्वी अग्रवाल, शिविका मित्तल, कनिका मित्तल, मान्या मित्तल, सीमा, प्राची, आकांक्षा आदि ने विभिन्न प्रतियोगिता में पुरस्कार जीते। इस मौके पर नलिनी अग्रवाल, दीपा मित्तल, कल्पना अग्रवाल, छवि जैन, डॉक्टर अंजु विश्नोई, रिंकी जैन, कमलनी, पारुल मित्तल, दीपशिखा लोहाटी, रंजना गर्ग आदि मौजूद रहे।



## आयशा व शांतनु चुने गये मिस व मिस्टर फेयरवैल

**नगीना (चिंगारी)।** डीवीएम इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के हुए विदाई समारोह में स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इंटर की छात्रा आयशा मिस फेयरवेल व छात्र शांतनु मिस्टर फेयरवेल चुने गए। शनिवार को कॉलेज सभागार में आयोजित हुए विदाई समारोह का शुभारंभ प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विदाई समारोह में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। विदाई कार्यक्रम के अंत में मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल के लिए अलग-अलग ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछते हुए प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में मिस फेयरवेल का ताज छात्रा आयशा व मिस्टर फेयरवेल का ताज छात्र शांतनु के सिर बंधा। प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता व कॉलेज अध्यक्ष नीता गुप्ता ने दोनों विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नसीम अहमद, मिस्बाह, शीला सिंह, आशिया, जोया, फरहीन, धर्मवीर, सुरेंद्र पाल, पूनम आदि का सहयोग रहा।







रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# प्रीमेच्योर डेथ का बड़ा कारण अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड

आजकल अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स हमारे रोजमर्रा के खानपान का बड़ा हिस्सा बनते जा रहे हैं। आसानी से उपलब्ध, आकर्षक पैकेजिंग और लाजवाब स्वाद के चलते ये फूड्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पसंद बन चुके हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये फूड्स हमारी सेहत के लिए एक स्लो पॉइजन हैं, जो धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हैं।

हाल ही में अमेरिकन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में बताया गया है कि जो लोग ज्यादा मात्रा में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाते हैं, उनके समय से पहले मौत (प्रीमेच्योर डेथ) का खतरा काफी बढ़ जाता है। स्टडी के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति अपनी डाइट में सिर्फ 10 प्रतिशत अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड बढ़ा देता है तो 75 साल से पहले उसकी मृत्यु का रिस्क लगभग 3 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कुछ देशों में तो हालात इतने गंभीर हैं कि हर 7 में से एक प्रीमेच्योर डेथ के पीछे यही कारण होता है। अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में हर साल लाखों लोगों की मौतें सीधे तौर पर इन फूड्स से जुड़ी बीमारियों की वजह से हो रही हैं।

हालांकि थोड़ी सी जागरूकता और खानपान की समझ से इस खतरनाक लत से बचा जा सकता है।

## नेचुरल फूड ही है सही खाना



## अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड क्या है?

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड वे खाद्य पदार्थ होते हैं, जो इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग से तैयार किए जाते हैं। इनमें प्रिजर्वेटिव, इमल्सीफायर, आर्टिफिशियल फ्लेवर, कलर, एडेड शुगर, सेचुरेटेड फैट और नमक जैसी कई चीजें मिलाई जाती हैं। इनका उद्देश्य फूड को लंबे समय तक खराब होने से बचाना और उसे स्वाद व दिखने में अधिक आकर्षक बनाना होता है। आसान भाषा में कहें तो ये रेडी-टू-ईट फूड्स होते हैं, जिन्हें बार-बार गर्म करने या पकाने की जरूरत नहीं होती है।

इनमें फ्रोजन फूड्स, शुगरी ड्रिंक्स, प्रोसेस्ड मीट, इंस्टेंट नूडल्स, पिज्जा, बर्गर, मोमोज, फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, नमकीन, कुकीज, केक और मफिन जैसे प्रोडक्ट्स शामिल होते हैं, जो दिखने और खाने में तो लाजवाब होते हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक हैं।

## प्रोसेस्ड और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड में अंतर

प्रोसेस्ड फूड्स में खाद्य पदार्थ की मूल संरचना और न्यूट्रिशन काफी हद तक सुरक्षित रहते हैं। इनमें आमतौर पर सफाई, कटाई, उबालना, फ्रीज करना या सीमित मात्रा में एडिटिव्स का इस्तेमाल होता है। वहीं अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में मेकैनिकल प्रोसेसिंग की जाती है और इनमें आर्टिफिशियल इंग्रेडिएंट्स मिलाए जाते हैं, जिससे इनके न्यूट्रिएंट्स काफी हद तक प्रभावित हो जाते हैं। नीचे दिए ग्राफिक में दोनों के बीच अंतर को समझिए-

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में कैलोरी की मात्रा होती है ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में नेचुरल कंटेंट की मात्रा बहुत कम और आर्टिफिशियल इंग्रेडिएंट्स की मिलावट ज्यादा होती है। यही कारण है कि इन फूड्स में कैलोरी की मात्रा काफी ज्यादा हो जाती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक, एक स्वस्थ व्यक्ति को रोजाना लगभग 2,000 से 3,000 कैलोरी की जरूरत होती है। यह मात्रा व्यक्ति की उम्र, लिंग, फिजिकल एक्टिविटी और अन्य कारकों पर निर्भर करती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सिर्फ एक पीस प्रोसेस्ड फूड ही व्यक्ति की जरूरत का बड़ा हिस्सा पूरा कर सकता है।

## अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड सेहत के लिए खतरनाक

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स ज्यादा खाने से मोटापा, हार्ट डिजीज, फैटी लिवर और डायबिटीज जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स के ज्यादा सेवन से हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। वहीं अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की भी एक रिपोर्ट बताती है कि हर दिन अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाने से कार्डियोवस्कुलर डिजीज का रिस्क 5 प्रतिशत बढ़ जाता है।

## अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स से बचने के तरीके

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन बढ़ता जा रहा है। लेकिन थोड़ी सी समझदारी और प्लानिंग से हम इनसे बच सकते हैं और अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं। इसके लिए कुछ आसान लेकिन जरूरी आदतें अपनाएं।

जैसेकि-

- अपनी डाइट में ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और घर में पका ताजा खाना शामिल करें। रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड्स की बजाय घर की बनी सादी, संतुलित और पोषणयुक्त चीजें खाएं।
- रेडी-टू-ईट, इंस्टेंट नूडल्स, माइक्रोवेव मील्स और प्रोसेस्ड मीट जैसे शॉर्टकट विकल्पों से दूर रहें। कोई भी पैकेज्ड या प्रोसेस्ड फूड खरीदने से पहले उसका लेबल जरूर पढ़ें। अगर इंग्रेडिएंट्स की लिस्ट में ज्यादा मात्रा में शुगर, नमक, ट्रांस फैट, आर्टिफिशियल कलर और फ्लेवर हो तो उसे न खरीदें।
- लंबे समय तक भूखे रहने से व्यक्ति जल्दी से भूख मिटाने के लिए प्रोसेस्ड फूड्स की ओर आकर्षित होता है। इसलिए नियमित एक समय पर भोजन करें।
- जब भूख लगे तो बिस्किट या चिप्स की जगह मखाने, फल, ड्राई फ्रूट्स या मूंगफली जैसे हेल्दी स्नैक्स साथ रखें।
- कोल्ड ड्रिंक्स, एनर्जी ड्रिंक्स, पैकेज्ड जूस, कुकीज, केक, नमकीन जैसे आइटम्स में हिडन शुगर और ट्रांस फैट्स की मात्रा काफी होती है। इनसे पूरी तरह दूरी बनाएं।
- धीरे-धीरे शुरुआत करें। हफ्ते में एक दिन बाहर का खाना छोड़ें, फिर दो दिन करें। धीरे-धीरे बदलाव अपनाएं।



# त्रिफला से बढ़ाएं आंखों की रोशनी

त्रिफला शरीर के लिए एक संपूर्ण स्वास्थ्यवर्धक टॉनिक के रूप में काम करता है। त्रिफला न केवल पाचन क्रिया को सुधारता है बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है।

## पाचन तंत्र के लिए वरदान

त्रिफला का सबसे बड़ा लाभ इसकी पाचन शक्ति को बढ़ाने की क्षमता है। यह कब्ज, गैस, और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।





त्रिफला में मौजूद फाइबर आंतों को साफ करता है और मल त्याग को आसान बनाता है।

## कैसे करें उपयोग ?

रात में सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण को गुनगुने पानी के साथ लेने से पाचन क्रिया में सुधार होता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है

त्रिफला में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। यह शरीर को संक्रमण और मौसमी बीमारियों से बचाने में सहायक है।

## आंखों की रोशनी के लिए लाभकारी

त्रिफला आंखों की रोशनी को बढ़ाता है और नेत्र रोगों से बचाने में मदद करता है। इसके पानी से आंखें धोने से जलन और थकान कम होती है। नियमित रूप से इसका सेवन दृष्टि में सुधार लाता है।

## त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद

त्रिफला खून को साफ करता है जिससे त्वचा पर निखार आता है। यह बालों को झड़ने से रोकता है और उन्हें घना व मजबूत बनाता है। शहद के साथ त्रिफला पाउडर मिलाकर खाने से त्वचा पर चमक आती है और बालों की मजबूती बढ़ती है।

## वजन घटाने में मददगार

त्रिफला चयापचय को तेज करता है और वसा को जलाने में मदद करता है जिससे वजन घटाने में सहायक होता है। सुबह खाली पेट त्रिफला पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं और वजन नियंत्रित रहता है।

## कैंसर विरोधी गुण

कुछ शोधों के अनुसार त्रिफला में कैंसर विरोधी तत्व होते हैं जो ट्यूमर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने में मदद कर सकते हैं बल्कि यह एक संपूर्ण स्वास्थ्य टॉनिक भी है। इसके नियमित सेवन से पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता, त्वचा और बालों का स्वास्थ्य सुधरता है।

# खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी व डेटा का होगा इस्तेमाल

**लखनऊ (चिंगारी)।** खेती में आधुनिक डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश और बिहार ने अहम कदम उठाया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध महिला किसान उत्पादन संगठनों के राज्य स्तरीय संघ 'भूस्वामिनी' और 'बिहप्रो कन्सोर्टियम ऑफ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' (बिहार का पहला एफपीओ महासंघ) के बीच शनिवार को राजधानी लखनऊ में एमओयू किया गया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार इस एमओयू का उद्देश्य महिला किसानों की क्षमता निर्माण, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन, खरीद-बिक्री की सशक्त व्यवस्था और ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की दिशा में साझा प्रयास करना है।

महिला किसानों के लिए तकनीक आधारित खेती को मिलेगा बढ़ावाएमओयू के तहत खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी और डेटा के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे महिला किसान विज्ञान व तथ्य आधारित निर्णय ले सकेंगी। साथ ही क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज को अपनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे बदलते मौसम के अनुरूप खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सके।

## यूपी और बिहार मिलकर करेंगे महिला किसानों की क्षमता वृद्धि

एमओयू के माध्यम से उत्तर प्रदेश और बिहार की महिला किसान मिलकर क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्ड) कार्यक्रम चलाएंगी। प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचार के जरिए महिला किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ा जाएगा। इससे दोनों राज्यों की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर किसान से उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता और रोजगार के नए अवसरसीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश में महिला किसानों के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसके तहत उन्हें केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि कृषि आधारित उद्यमिता, मूल्य संवर्धन, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केट लिंकेज से जोड़ा जाएगा। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री को मिलेगा संगठित स्वरूपकृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री के लिए सशक्त और पारदर्शी व्यवस्था तैयार की जा रही है। महिला किसान संगठनों को बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी, जिससे उन्हें उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। साथ ही महिला किसानों के मूल्य संवर्धन और क्षमता निर्माण की योजनाओं पर भी संयुक्त रूप से काम किया जाएगा। इसके लिए हुए समझौते पर बिहप्रो के अध्यक्ष राजकुमार राज और भूस्वामिनी की अध्यक्ष मंजू देवी ने हस्ताक्षर किए। डिजिटल खेती, जलवायु अनुकूल कृषि और उद्यमिता के समन्वय से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा।

## पुलिस भर्ती ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी तीन फरवरी तक कर सकते संशोधन

**लखन (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में सिपाही नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन फार्म में संशोधन करने के लिए अवसर मिला है। इस संदर्भ में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक ने शनिवार को बताया है कि सिपाही नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन फार्म में गलती को सुधारने के लिए वन टाइम करेक्शन विंडो खोल दी है। यह सुविधा शनिवार 31 जनवरी से तीन फरवरी तक उपलब्ध रहेगी। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों के लिए यह एक आखिरी मौका होगा, इसके बाद किसी भी प्रकार की संशोधन स्वीकार नहीं होगा। भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 18009110005 भी जारी किया है। वेबसाइट पर इसे लेकर विस्तृत दिशानिर्देश भी दिए गए हैं।




## सीएम योगी से मिले 'गोदान' फिल्म के निर्माता-निर्देशक ट्रेलर लॉन्च

**लखनऊ (चिंगारी)।** गोमाता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति में उसके महत्व और पंचगव्य आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण को केंद्र में रखकर बनी फिल्म 'गोदान' के निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया। फिल्म के निर्माता व निर्देशक ने स्पष्ट किया कि देश में गो-रक्षा को लेकर सबसे व्यापक, ठोस और जमीनी स्तर पर कार्य उत्तर प्रदेश में हुआ है और इसके पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन और प्रतिबद्ध नेतृत्व है। इन्हीं बातों ने उन्हें मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के लिए प्रेरित किया। गोवंश के प्रति मुख्यमंत्री के स्नेह और गो संरक्षण के लिए उनकी प्रतिबद्धता का इसी बात से पता चलता है कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में साढ़े सात हजार से ज्यादा गो आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इतना ही नहीं, 12 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। गो सेवा और उनके संरक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए हर जिले में गो संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित 'गोदान' फिल्म 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म केवल एक कहानी नहीं, बल्कि गायों के संरक्षण, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का समग्र दस्तावेज है।

